## खबर संक्षेप



### 31 हजार दीपों से जगमगायेगा लघु वृन्दावन धाम बांधा

**स्लीमनाबाद।** लघु वृन्दावन धाम बांधा इमलाज में इस वर्ष दीपोत्सव पर्व भव्य रूप से मनाया जाएगा जिसको लेकर तैयारियां शुरू हो गई। पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व की शुरुआत 18 अक्टूबर से होगी। 22 अक्टूबर बुधवार को अन्नकूट महोत्सव धूमधाम व भव्यता के साथ मनाया जाएगा। श्री राधाकृष्ण मंदिर लघुवृंदावन धाम बांधा में 31 हजार दीपों की रोशनी से जगमगायेगा। भगवान मुरलीमनोहर जी को इक्कीस हजार दीप प्रज्वलित कर भेंट किए जावेंगे। इसी दिवस में भगवान श्रीकृष्ण जी के गिरी स्वरूप गिरिराज,गोवर्धन जी का पूजन होगा तथा छप्पन प्रकार के व्यंजनों का भोग लगेगा ।सुंदर भजन संकीर्तन के मध्य सायं सात बजे भगवान मुरलीमनोहर, आदि शक्ति मां गायत्री, भगवान भोलेनाथ जी की भव्य दीप महाआरती होगी एवम प्रसाद वितरण होगा। श्री राधाकृष्ण सेवा समिति के रामनरेश त्रिपाठी, नवनीत चतुर्वेदी ,महेश पाठक, सीताराम मिश्रा ,सतेन्द्र त्रिपाठी, कृष्णकांत पांडे, मनोज पाठक, राघवेंद्र दुबे ,पप्पू पाठक, ओमप्रकाश दुबे आदि ने धर्मप्रिय जनों से मंदिर पहुंचने अपील की है।

### चिकित्सा कर्मचारियों व स्वास्थ्य सेवा कर्मियों के लिए सत्र आज

**कटनी।** श्री हास्पिटल में 13-17 अक्टूबर तक सीपीआर जागरूकता सप्ताह के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। श्री हॉस्पिटल (साईंनाथ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट कटनी) द्वारा विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं जिनमें सीपीआर तकनीकों का सामूहिक प्रदर्शन, पोस्टर प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं स्किट प्रस्तुति आदि शामिल है। आज 16 अक्टूबर गुरुवार को चिकित्सा कर्मचारियों और स्वास्थ्य सेवा कर्मियों के लिए सत्र का आयोजन किया जा रहा है जो शाम 4 बजे से 6 बजे के बीच होगा। इसके अलावा कल 17 अक्टूबर को आम जनता के लिए सत्र का आयोजन होगा। प्रदर्शन टीम में मुख्य रूप से डॉ दीखित, डॉ आलोक आर्य, डॉ राजेंद्र गुप्ता, डॉ पूजा जैन, डॉ संजय शिवहरे, डॉ विजय पंजवानी, डॉ नरेंद्र जमनानी एवं डॉ दिनकर शर्मा शामिल हैं।

### जिले में हार्वेस्टर के लिए 'स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम' अनिवार्य

**कटनी।** जिले में नरवाई जलाने की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष तिवारी ने फसल कटाई हेतु उपयोग होने वाले कम्बाईन हार्वेस्टर में स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम लगा होना अनिवार्य कर दिया है। कलेक्टर श्री तिवारी ने आदेश में कहा है कि यदि हार्वेस्टर में स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम नहीं है, तो हार्वेस्टर मालिक को बेलर की व्यवस्था करनी होगी ताकि फसल अवशेषों का प्रबंधन किया जा सके। आदेश का पालन न करने पर संबंधित हार्वेस्टर मालिक पर दण्ड अधिरोपित करने की कार्यवाही की जाएगी। उल्लेखनीय है कि उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास और सहायक कृषि यंत्री द्वारा कलेक्टर श्री तिवारी के संज्ञान में यह बात लाई गई थी कि जिले में फसल कटाई (खरीफ में धान और रबी में गेहूं) में उपयोग होने वाले हार्वेस्टर बिना 'स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम' के संचालित हो रहे हैं। इसके कारण फसल अवशेष नरवाई को जलाने की घटनाओं में वृद्धि हो रही है, जबकि जिले में नरवाई जलाना पूरी तरह से प्रतिबंधित है। कलेक्टर श्री तिवारी ने आदेश में सहायक कृषि यंत्री को जिले में उपलब्ध और बाहर से आने वाले सभी कम्बाईन हार्वेस्टर मालिकों को सूचित करने तथा आदेश के उल्लंघन पर दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है।

### स्लीमनाबाद क्षेत्र में बेखौफ बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम और हो गए चंपत

# आधी रात को बदमाशों ने ज्वेलर्स दुकान से लाखों के जेवरात किये चोरी, हवाई फायर से मची दहशत

जिले में एक के बाद एक हो रही वारदातों से दहशत का माहौल बना हुआ है। अभी कुछ दिन पहले बरही फिर कटनी में हुई चोरी के बाद तेवरी स्थित ज्वेलर्स दुकान में आधी रात को चोरो ने वारदात को अंजाम दिया। बेखौफ बदमाश वारदात को अंजाम देकर आसानी से फरार हो जाते हैं।






हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत तेवरी में भाव्या ज्वेलर्स की दुकान में बड़ी चोरी की वारदात हुई। मंगलवार -बुधवार कि दरमियानी रात अज्ञात चोरो ने भाव्या ज्वेलर्स से लगभग 12 लाख रूपये के सोने -चांदी के जेवरात ओर नकदी चुरा ली है।वारदात के दौरान बदमाशो ने हवाई फायरिंग भी की, जिससे इलाके मै दहशत फ़ैल गई। यह घटना देर रात करीब 2 बजे हुई, जब चोरो ने दुकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। दुकान संचालक के शोर मचाने पर बदमाशो ने बंदूक से हवाई फायरिंग की ओर मौके से फरार हो गये।

दुकान संचालक विपिन सोनी ने बताया कि चोरो ने लगभग 8 किलो चांदी, 15 ग्राम सोना ओर 15 से 20 हजार रूपये नकद चुराए है। चोरी किये गये माल की क़ीमत 10 से 12 लाख रूपये आँकी गई है। चोरी की यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे मै कैद हो गई है। फुटेज मै तीन से चार अज्ञात बदमाश वारदात को अंजाम देते हुये स्पष्ट दिखाई दे रहे है। स्लीमनाबाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को जाँच के लिए अपने कब्जे मै लें लिया है। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस प्रशासन मै हड़कंप मच गया।

#### एसपी व एएसपी ने मौका स्थल का किया निरीक्षण

घटना की जानकारी लगते ही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ओर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार डेहरिया तत्काल घटनास्थल तेवरी पहुंचे। उन्होंने भाव्या ज्वेलर्स का बारीकी से निरीक्षण किया ओर स्लीमनाबाद थाना प्रभारी को गंभीरता से जाँच कर खुलासा करने के निर्देश दिए।

#### इनका कहना है

इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार डेहरिया ने बताया कि अज्ञात चोरो के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है!फारेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची जो घटना के हर पहलु पर वैज्ञानिक जाँच कर रही है!जल्द से जल्द इस बड़ी चोरी को अंजाम देने वालें आरोपियों को पकड़कर खुलासा किया जायेगा।



## झाड़ियों में छिपाकर रखी थी 450 पाव शराब, पुलिस ने किया जब्त

**एनकेजे पुलिस ने की कार्यवाही, अज्ञात आरोपित की तलाश की जा रही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

एनकेजे पुलिस ने झाड़ियों में छिपाई गई अवैध शराब को जब्त किया है। पुलिस के अनुसार मुखबिर सूचना प्राप्त हुई की रोशननगर सान्यासी बाबा चबूतरा के पास झाडियों मे अज्ञात व्यक्ति द्वारा अवैध रुप से प्लास्टिक के बोरियो मे शराब विक्रय करने हेतु शराब रखे हुए है। सूचना पर कार्यवाही करने हेतु पुलिस तत्काल मुखबिर के बताये स्थान पर पहुचकर झाडियों मे तलाश करने पर तीन प्लास्टिक के बोरिया बधे मिले । बोरियो को खुलवाकर चैक किया गया प्रत्येक बोरियो मे देशी शराब रखी मिलने पर घटना स्थल के आस पास शराब रखने वाले अज्ञात व्यक्ति की पता तलाश की गई। मौके पर कोई व्यक्ति नही मिला। आस पास के लोगो से शराब रखने के संबंध मे पूछताछ की गई अज्ञात आरोपी के बारे मे पता नही चल सका। तीनो बोरियो से कुल 450 देशी प्लेन शराब विधिवत जप्त कर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट अपराध पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया। मामले में अज्ञात आरोपी की पता तलाश की जा रही है ।

कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि रुपेन्द्र राजपूत ,सउनि केवल उइके , प्र.आर. राजेश परिहार, प्रहलाद सैयाम, राजेश चौधरी, गणेशदत्त मिश्रा, आरिफ की भूमिका रही।

## लग्जरी कार से तस्करी, 19 पेटी शराब के साथ दो आरोपितों को किया गया गिरफ्तार

**बड़वारा पुलिस ने पथवारी रेलवे अंडर ब्रिज के पास से पकड़ा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



चारपहिया वाहन में बड़ी मात्रा में शराब की तस्करी की जा रही थी, बड़वारा पुलिस ने घेराबंदी कर वाहन को रोका तथा शराब सहित वाहन को जब्त कर लिया। यह कार्यवाही वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में की गई। पुलिस ने फोर्ड कंपनी की लग्जरी इंडीवर कार MP 21 CA 0021 से भारी मात्रा में शराब बरामद करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार बुधवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक काले रंग की फोर्ड इंडीवर कार में अवैध शराब की खेप ले जाई जा रही है। सूचना पर तत्परता दिखाते हुए प्रआर पवनराज की टीम ने ग्राम पथवारी रेल्वे अंडरब्रिज के पास घेराबंदी कर वाहन को रोका। तलाशी लेने पर कार की डिक्की से 19 पेटी देशी शराब (09 पेटी देशी प्लेन व 10 पेटी लाल मसाला) कुल 950 पाव यानी लगभग 171 लीटर शराब बरामद की गई, जिसकी कीमत करीब 95,000/- आंकी गई है।

पुलिस ने मौके से वाहन चालक रवि सिंह पिता स्व. अजीत सिंह (48 वर्ष), निवासी बंगला खितौली थाना बरही तथा उसके साथी आनंद राम उर्फ सोनी कुशवाहा पिता सुदर्शन कुशवाहा (46 वर्ष), निवासी ग्राम ऊटिन टोला हदरहटा थाना बरही को गिरफ्तार किया। परिवहन में प्रयुक्त लग्जरी कार को भी जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर उन्हें न्यायालय कटनी में पेश किया गया है।

कार्रवाई में थाना प्रभारी उनि. कृष्ण कुमार पटेल, सउनि महेश प्रताप सिंह, प्रआर पवनराज, प्रआर वीरेन्द्र चढ़ार, आर. गौरीशंकर राजपूत, आर. संतोष यादव, आर. शिवप्रकाश तिवारी, आर. बृजलाल प्रजापति एवं आर. रवि कुमार कोरी की सराहनीय भूमिका रही।

### शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयां की गई वितरित



राष्ट्रीय आयुष मिशन म.प्र. के निर्देश पर ॠमौसमी बीमारियों में आयुष सेवायेंॠ थीम के तहत जिले में स्थित 18 आयुष्मान आरोग्य मंदिर में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बदलते मौसम से संबंधित रोगों की जांच, प्रकृति परीक्षण, उत्तम स्वास्थ्य हेतु आहार विहार, मौसमी बदलाव से होने वाले रोगों के उपचार की समीक्षा, योगाभ्यास, नियंत्रण एवं स्वास्थ्य संबंधी देखभाल एवं दिनचर्या आदि के लिए प्रेरित किया गया एवं नि:शुल्क औषधियां वितरित की गई। शिविर में कुल 875 नागरिकों को लाभांवित किया गया। ज़िला आयुष अधिकारी डॉ0 आशीष रेजा ने बताया कि यह शिविर खरखरी, खितौली, गणेशपुर, भुड़सा, देवराकला, कारीतलाई, गैरतलाई, चरगवां, खम्हरिया, देवगांव, रैपुरा, भैंसवाही, गुरजीकला, पिपरौंध, कुठिया मेहगवां, बरनमेहगवां, मुरवारी एवं कछगवां जोबा, में स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर परिसर में आयोजित किया गया। उन्होंने शिविर को सफल बनाने के लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को आभार व्यक्त किया।

## संघ के शताब्दी वर्ष पर ढीमरखेड़ा खण्ड में स्वयंसेवकों का पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में ढीमरखेड़ा खण्ड में भव्य पथ संचलन आयोजित हुआ। पथ संचलन के लिए गणवेशधारी स्वयंसेवक महात्मा गांधी विद्यालय प्रांगण में एकत्र हुए। संघ की प्रार्थना के बाद घोष की मधुर ध्वनि के साथ पंक्तिबद्ध स्वयंसेवक भगवा ध्वज लेकर अनुशासित तरीके से कदमताल करते हुए नगर भ्रमण पर निकले।पथ संचलन जनपद पंचायत, थाना तिराहा,रामपुर रोड़, ढीमरखेड़ा स्कूल सहित प्रमुख मार्गों से गुजरा और पुनः विद्यालय प्रांगण पहुँचा।संचलन में स्वयंसेवक गीत के साथ भारत माता के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे।मार्ग में जगह-जगह नागरिकों ने स्वयंसेवकों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

#### कि गया शस्त्र पूजन

संचलन उपरांत अतिथियों ने शस्त्र पूजन किया। विद्यालय प्रांगण में आयोजित बौद्धिक कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रांत प्रचार प्रमुख विनोद दिनेश्वर ने संघ के 100 वर्षों की तपस्या और संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के जीवनवृत्त का प्रेरक उल्लेख किया। उन्होंने इस अवसर को संगठन शक्ति, आत्मगौरव और समरसता का उत्सव बताया।राष्ट्र निर्माण में संघ की भूमिका और युवाओं के कर्तव्यों पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर चलाए जा रहे पंच परिवर्तन राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम से उपस्थित जनों को अवगत कराया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## पांच वाहनों पर कार्रवाई कर वसूला गया 33 हजार रूपए का जुर्माना

**एआरटीओ के नेतृत्व में कटनी मैहर मार्ग में वाहनों की हुई जांच**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर के निर्देश पर अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पॉल के नेतृत्व में कटनी मैहर रोड पर लगातार दूसरे दिन वाहनों की सघन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान में पांच वाहनों पर कार्रवाई की गई और समन शुल्क वसूल किया गया। इस विशेष जांच में परिवहन विभाग द्वारा विभिन्न नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कड़ी कार्रवाई की गई

#### इन वाहनों पर कार्रवाई

एआरटीओ द्वारा जिन वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई, उनमें MP 21 G 1374 के वाहन चालक ने बिना परमिट के वाहन का संचालन किया था। इसके लिए 10,000 का समन शुल्क वसूला गया। MP 21 G 1477 के वाहन को भी बिना परमिट के चलाए जाने पर 10,000 का समन शुल्क दिया गया। MP 53 GA 2947 वाहन में पीयूसी (PUC) प्रमाण पत्र नहीं था, जिसके कारण 5,000 का समन शुल्क लिया गया। MP 21 G 3345 वाहन बिना फिटनेस प्रमाण पत्र के चलाया जा रहा था, जिस पर 3,000 का समन शुल्क वसूला गया। MP 20 GB 6490 वाहन के चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था। इस उल्लंघन पर 5,000 का समन शुल्क लिया गया।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पॉल ने बताया कि यह कार्रवाई मोटर वाहन अधिनियम के तहत की गई है और विभाग का उद्देश्य सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना और यातायात नियमों का पालन कराना है। उन्होंने यह भी कहा कि, ॠहमारी यह कार्रवाई यह सुनिश्चित करने के लिए है कि सड़क पर चलने वाले सभी वाहन सुरक्षा मानकों को पूरा करें और यातायात नियमों का उल्लंघन न हो। इस प्रकार की जांच अभियान भविष्य में भी जारी रहेगी। साथ ही, उन्होंने सभी वाहन चालकों से अपील की कि वे बिना परमिट, बिना फिटनेस या बिना पीयूसी के वाहन न चलाएं और सभी आवश्यक दस्तावेजों की जांच समय-समय पर करवाते रहें। इस प्रकार की कार्रवाई से सड़क दुर्घटनाओं की संभावना कम होती है और यातायात में सुगमता बनी रहती है। इस अभियान के बाद, विभाग ने यह स्पष्ट किया कि यदि कोई वाहन चालक नियमों का उल्लंघन करता है तो उसे जुर्माना भरना पड़ेगा। परिवहन विभाग का यह कदम रोड सुरक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ सड़क पर अव्यवस्था और दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से उठाया गया है।अगले सप्ताह भी इसी प्रकार की जांच अभियान की योजना बनाई गई है, ताकि सड़क पर सुरक्षा और नियमों के पालन को सुनिश्चित किया जा सके।

### सैनिक छावनी की जमीन पर अतिक्रमण का मामला

## जिला एवं तहसील स्तरीय दल ने किया सीमांकन कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



तहसील मुख्यालय स्लीमनाबाद स्थित पीएम हॉउस कक्ष के बाजू से भेड़ा रोड से लगी 6 एकड़ से अधिक भूमि जो सैनिक छावनी की थी उसमें मुस्लिम समुदाय के द्वारा अवैध तरीके से कब्जा किया जो अब हटेगा। यह हकीकत बुधवार को सीमांकन कार्य होने से सामने आ गई। बुधवार को सैनिक छावनी भूमि का सीमांकन कार्य हुआ जिसके लिए हिन्दू-मुस्लिम समुदाय के बीच वाद विवाद कि स्थिति न बने इसके स्लीमनाबाद थाना प्रभारी सुदेश कुमार, बहोरीबंद थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया सहित जिला से भी पुलिस बल मौजूद रहा।

सीमांकन कार्य के लिए जिला व स्थानीय तहसील स्तर से दल गठित किया गया जिसमें भू अभिलेख विभाग से राजस्व निरीक्षक बिलहरी दिलीप त्रिसोलिया, गौरव विश्वकर्मा, पटवारी ज्ञानेश्वर तिवारी, विवेक सोनी, अभिषेक तिवारी तों वही स्लीमनाबाद तहसीलदार सारिका रावत के द्वारा कार्यपालिक मजिस्ट्रेट हर्ष रोमटेक, हल्का पटवारी संजय बेन, नीरज उरमलिया, शुभांशु मिश्रा, देवलाल पटेल, शेख मंजूर खान व रजनीश गुप्ता को दल में शामिल किया गया।

तहसील स्तरीय दल के साथ जिला स्तरीय दल ने मिलकर सीमांकन का कार्य पूर्ण करवाया। सीमांकन कार्य में शामिल दल ने बतलाया कि सीमांकन कार्य करने जो स्थिति स्पष्ठ हुई है उसके अनुसार खसरा नंबर 53 जो जिसका रकबा एकड़ है उसमें श्मशान घाट व कब्रिस्तान मद दर्ज है लेकिन खसरा नंबर 54 जिसका रकबा 2.72 हैक्टेयर है वह सैनिक छावनी मप्र शासन के मद में दर्ज है जिसमें अवैध रूप से तार फेसिंग कर कब्जा किया गया है। उक्त सीमांकन कार्य का प्रतिवेदन विस्तृत रूप से बनाकर आगामी एक दो दिनों मै तहसीलदार स्लीमनाबाद को सौंप दिया जायेगा। सीमांकन शांतिपूर्ण ढंग से हो गया।

## प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक के बीच हुई मारपीट पर दोनो को किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने विकासखण्ड बड़वारा स्थित शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरही की प्रभारी प्रधानाध्यापक राधा सोनी एवं प्राथमिक शिक्षक जितेन्द्र तिवारी के बीच हुये मारपीट के मामले में कार्यवाही करते हुये दोनों को निलंबित कर दिया है। कलेक्टर श्री तिवारी ने यह कार्यवाही विकासखंड शिक्षा अधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की है।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने अपने प्रतिवेदन में बताया कि प्राथमिक शिक्षक जितेन्द्र तिवारी द्वारा प्रभारी प्रधानाध्यापक श्रीमती सोनी से अभद्रता की गई एवं अपशब्दों का प्रयोग किया गया। वहीं प्रभारी प्रधानाध्यापक श्रीमती सोनी द्वारा अपने परिजनों को बुलाकर प्राथमिक शिक्षक जितेन्द्र तिवारी से मारपीट की गई एवं अपशब्दों का प्रयोग किया गया। दोनों पक्षों द्वारा एक-दूसरे के विरूद्ध थाना बरही में एफ.आई.आर. दर्ज कराई गयी है। इस कृत्य से विभाग की छवि धूमिल हुई है एवं यह कृत्य विद्यालय एवं शिक्षकीय पद की गरिमा के विपरीत है।

#### कदाचरण का कृत्य

प्रभारी प्रधानाध्यापक श्रीमति सोनी एवं प्राथमिक शिक्षक श्री तिवारी का यह कृत्य म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 1,2,3 के विपरीत होकर कदाचरण की श्रेणी में आता हैं जो कि पदीय दायित्वों के विपरीत घोर लापरवाही को प्रदर्शित करता हैं।

इसके बाद, कलेक्टर श्री तिवारी ने म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) 1966 के नियम '9' के प्रावधानसुसार शासकीय माध्यमिक विद्यालय बरही की प्रभारी प्रधानाध्यापक राधा सोनी एवं प्राथमिक शिक्षक जितेन्द्र तिवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही मुख्यालय कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी नियत कर दिया गया है। निलंबन अवधि में दोनों को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## खबर संक्षेप

### घर में घुसा था सांप, पकड़कर जंगल में छोड़ा

**बड़वारा।** तहसील के ग्राम रोहनिया में अनिल गुप्ता के घर में नाग घुसा बैठा था। मकान में सफाई के दौरान सांप मिला जिसकी सूचना समाजसेवी एवम सर्पमित्र खेमचंद यादव को दी गई। खेमचंद यादव ने तत्काल अनिल गुप्ता के घर मे घुसे बैठे कोबरा का सफल रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा। अनिल गुप्ता के घर मे छुपकर बैठे नाग को घर से निकालने के पश्चात परिवार के लोगों ने चैन की सांस ली। जब तक नाग को घर से रेस्क्यू कर निकाला नही गया तब परिवार के लोग भय के माहौल में रहे। यादव ने कहा कि वन्यजीय हमारे पर्यावरण के मित्र हैं इन्हें मारे नहीं।

### हांका गैंग ने आवारा मवेशियों को पकड़ा

**कटनी।** नगर के मुख्य मार्गो में विचरण करने वाले घुमंतू मवेशियों पर लगाम लगाने हेतु निगम प्रशासन की हांका गेंग द्वारा सक्रियता से कार्य कर आमजन को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन मुहैया कराने के निरंतर प्रयास किये जा रहे है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि इन्ही प्रयासों के तहत निगम की हांका टीम के सदस्यों द्वारा मंगलवार रात्रि बरगवां ओव्हर ब्रिज, डन कालोनी मोड़, कटाए घाट मोड़, दुगाडी नाला से झिंझरी जेल मार्ग होते हुए बिलहरी मोड तक मुख्य मार्ग के आवागमन बाधित कर रहे गौवंशो को सुरक्षित रूप से मार्ग से अलग कर निगम सीमा से बाहर छोडनें की कार्यवाही की गई। वहीं पाठक वार्ड स्थित रामलीला मैदान के पास आयोजित धार्मिक कार्यक्रम के दौरान नागरिकों की सुविधा के चलते आवारा रूप से विचरण कर रहे गौवंशों को मार्ग से अलग करने की कार्यवाही की जाकर सुगम आवागमन की सुविधा मुहैया कराई गई। स्वास्थ्य अधिकारी श्री सोनी ने बताया कि वर्तमान पर्व के दौरान नागरिकों के आवागमन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए यह अभियान अनवरत जारी रहेगा। आपने नगर के पशुपालकों से अपने पालतू पशुओं को सार्वजनिक मार्गो में विचरण हेतु न छोड़नें की अपील की है।

### आकर्षक रंग रोगन से सौंदर्यीकरण कर दिया स्वच्छता का संदेश

**कटनी।** निगम प्रशासन द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत शहर में विभिन्न स्वच्छता लक्षित इकाइयों क्लीननेस टारगेट यूनिट सीटीयू का चयन किया जाकर आदर्श इकाई के रूप में विकसित करने की पहल के तहत विगत दिवसों नगर के दो स्थल चिन्हित कर विशेष सफाई की जाकर रंग बिरंगे कलरों से पेंटिंग कर स्थलों का सौंदर्यीकरण किया जाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन आदेश जैन ने बताया कि महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के निर्धारित मापदंडों को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न स्थलों को क्लीननेस टारगेट यूनिटस्ट के रूप में विकसित करने का कार्य किया जा रहा है ताकि सम्पूर्ण नगर को स्वच्छ कटनी के रूप में प्रतिष्ठित किया जा सके। इसी तारतम्य में विगत दिवस नेहरू वार्ड स्थित हाउसिंग बोर्ड कालोनी, दुर्गा मंदिर के पास एवं राम मनोहर लोहिया वार्ड मुक्तिधाम रोड स्थल को चयनित करते हुए उक्त स्थलों की साफ-सफाई उपरांत रंग रोगन कर स्थलों को आकर्षक स्वरूप प्रदान किया गया।

### दीपावली पर्व में चल रहा विशेष सफाई अभियान

**कटनी।** दीपावली पर्व के पूर्व नगर निगम कटनी द्वारा शहर भर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु विशेष सफाई अभियान संचालित किया जा रहा है। महापौर श्रीमती प्रीति सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशन में निगम का संपूर्ण सफाई अमला जोनवार मुख्य बाजार क्षेत्रों, प्रमुख मार्गों, नालियों एवं सार्वजनिक स्थलों की विशेष सफाई कर कचरा निस्तारण किया जा रहा है। साथ ही नालियों की सफाई के उपरांत कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव किया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए नगर के भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। सभी वार्डों में कचरा वाहनों की नियमित निगरानी की जा रही है।

---

बाहर से जिलों से पहुंच रहा नकली व मिलावटी मावा, निगरानी में हो रही कोताही

# कार्यवाही : ई रिक्शा से पहुंचाई जा रही थी मिलावटी मिठाई की खेप, पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

त्यौहारों के मद्देनजर मिलावटी मिठाईयां खपाने का खेल शुरू हो गया है। खाद्य विभाग द्वारा दुकानों में जाकर नमूने एकत्र कर जांच के लिए तो भेजे जा रहे हैं लेकिन बाहर से आने वाले नकली व मिलावटी मावे, दूध आदि की जांच में ढिलाई बरती जा रही है। दीपावली पर्व पर भारी मात्रा में मिठाईयों का कारोबार होता है। पर्व में मिलावटी मिठाईयां खपाने के लिए खेल शुरू हो चुका है। मिलावटी मिठाईयां दुकानों के माध्यम से नागरिकों में खपाने गुपचुप खेल चल रहा है। कोतवाली पुलिस ने एक ई रिक्शा चालक को मिलावटी मिठाईयां के परिवहन के संदेह में पकड़ा तथा खाद्य विभाग के अधिकारियों को सूचना देकर मौके पर बुलावाया।

### चांडक चौक में पुलिस ने पकड़ा

जानकारी के अनुसार बुधवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि बस स्टेण्ड के पास से एक ई-रिक्शा में मिलावटी मिठाईयां लोड कर मार्केट में बेचने के लिए भेजी जा रही है। मुखबिर की सूचना को त्वरित संज्ञान में लेते हुए थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राखी पाण्डेय के द्वारा थाने से तत्काल स्टाफ को रवाना किया गया जो चाण्डक चौक कटनी में मुखबिर के बताए ई-रिक्शा क्र. एम.पी. 21 जेड ई 3466 को रोककर चैक करने पर ई-रिक्शा में 03 कार्टून में करीब 01 क्विंटल मिठाई जिसमें पेड़ा, बर्फी, सोनपपड़ी आदि डिब्बों में रखी मिली। ई-रिक्शा चालक राहुल जायसवाल पिता बैजनाथ जायसवाल नि. कैलवारा फाटक से ई-रिक्शा में रखे कार्टून के बारे में पूछताछ करने पर, कार्टून के अंदर क्या है के बारे में कोई जानकारी न होना बताया और उक्त कार्टून नितिन जायसवाल निवासी कैलवारा फाटक के द्वारा बस स्टेण्ड से माधवनगर कैम्प में छोड़ने को बोला था। नितिन जायसवाल ने किसी व्यक्ति का मोबाईल नंबर देकर माधवनगर पहुंचकर उससे बात करके कार्टून देने का बोला था।





### जानकारी की जा रही एकत्रित

मौके पर ही खाद्य विभाग के अधिकारियों को सूचित किया गया। खाद्य अधिकारी ओ.पी. साहू के उपस्थित आने पर पकड़ी गई मिलावटी मिठाईयां जांच परीक्षण हेतु सुपुर्द की गई। मिठाईयां कहां से आई और कहां भेजी जा रही थी इसके बारे में भी जानकारी एकत्रित की जा रही है।

---

## रोजगारपरक शिक्षा के विविध आयाम विषय पर विशेषज्ञों ने किया मंथन

### महाविद्यालय बरही में एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय महाविद्यालय बरही में प्राचार्य प्रो.आर के त्रिपाठी की अध्यक्षता व मार्गदर्शन एवं संयोजक डॉ. आर जी सिंह हिंदी विभाग एवं सह संयोजक सुश्री प्रियंका तोमर समाजशास्त्र विभाग के नेतृत्व में ₹रोजगारपरक शिक्षा के विविध आयाम ₹ विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया।

वेबिनार कार्यक्रम में डॉ. एस एस धुर्वे सहायक प्राध्यापक भूगोल विभाग ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति में रोजगार परक शिक्षा के विविध आयाम हेतु महात्मा गांधी के दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। प्रथम मुख्यवक्ता डॉ. अभिषेक कुमार सिंह, सहायक प्राध्यापक वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग दिल्ली विश्वविद्यालय ने कम्युनिकेशन स्किल, पर्सनालिटी डवलपमेंट, टाइम मैनेजमेंट, लीडरशिप, सर्टिफिकेट कोर्स, स्किल बेस्ड एजुकेशन, सॉफ्ट स्किल, प्रेक्टिकल स्किल, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, युवा कौशल योजना, स्वयं पोर्टल आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। वहीं दूसरे मुख्यवक्ता डॉ. विनोद कुमार श्रीवास्तव, प्राध्यापक डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या उत्तर प्रदेश ने कॉमर्शियल एजुकेशन, पर्यटन, हस्तकला, व्यावसायिक पाठ्यक्रम व शिक्षण संस्थान के विकास आदि की बात कही।

इसी प्रकार डॉ आर. सी. श्रीवास्तव इंग्लैंड ने गुरुकुल शिक्षा प्रथा, रिसर्च ऑर्गनाइजेशन, स्किल डेवलपमेंट, स्किल बेस्ड लर्निंग, मॉडर्न एजुकेशन, साइबर एजुकेशन, मोबाइल ऐप डेवलपमेंट, न्यू टेक्नोलॉजी, सोलर प्लांट, गवर्नमेंट स्कीम, क्रिएटिविटी, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का नया वर्जन एजीआई आदि के महत्व पर प्रकाश डाला। जबकि महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक प्रो.आर. के. त्रिपाठी ने युवाओं को आत्मनिर्भर और कुशल बनाने, स्किल डवलपमेंट का महत्व बताते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर की बात कही। इस वेबिनार मे कुल 523 रजिस्ट्रेशन हुए।

कार्यक्रम का संचालन मनीष मिश्रा, डॉ अरुण तिवारी एवं आभार प्रदर्शन संयोजक डॉ. आर जी सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ अरविंद सिंह, डॉ सुनीता सिंह, डॉ शिवानी बर्मन, डॉ के के निगम, डॉ रश्मि त्रिपाठी, डॉ मंजुलता साहू, डॉ राकेश प्रसाद दुबे, डॉ नीलम चतुर्वेदी, डॉ के के विश्वकर्मा, डॉ अरविंद शुक्ला आदि मौजूद रहे।

---

## दीपोत्सव की तैयारी में कुम्हारों की चाक ने पकड़ी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

दीपोत्सव पर्व के अब चंद दिन ही शेष है जिसको लेकर कुम्हार समाज इन दिनों अपनी परम्परा का निर्वाह कर रहा है। मिट्टी को आकार देकर दीपोत्सव की तैयारियों मे जुट गए हैं। अब तेजी से कुम्हारों की चाक घूमने लगी है।क्योंकि दीपक बनाना इनके लिए सिर्फ रस्म नहीं बल्कि अपने परिवार की आवश्यकताओ की पूर्ति का जरिया है। आज से कुछ साल पहले तक अंचलों सहित शहरी क्षेत्रों में मिट्टी से निर्माण किए गए दीपक सहित बर्तन खिलौनों की खूब बिक्री हुआ करती थी, लेकिन धीरे-धीरे इलेक्ट्रोनिक एवं आधुनिक सामग्री ने बाजारों पर अपना एकाधिकार जमा लिया। लेकिन आज भी कुछ परिवार ऐसे हैं जिनके लिए यह सिर्फ रस्म नहीं है।



बल्कि यह लोग आज भी इसे अपनी पूंजी मानकर अपने जीवन का अंधेरा दूर कर रहे हैं।

अंचल मे ऐसे कई शिल्पकार हैं जो मिट्टी को नए नए आकार देकर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। नवरात्र का आरंभ होने के साथ ही पूरा परिवार दीपक बनाने के काम पर लग जाता है। बाजार में इलेक्ट्रोनिक सामग्री की बिक्री बढने़ से भले ही इन परिवारों की उत्पादन की बिक्री प्रभावित हुई हो इनकी आमदनी पर फर्क पड़ा हो, पर इनका हौसला अब भी बरकरार है। जिससे यह अपनी प्राचीन परम्परा को आज भी जीवित रखे हैं और दीये, मूर्ति, खिलौने आज भी बनाने में जूटे हैं।

आसान नहीं आकार देना

दीपक बनाने वाले छपरा गांव के गणेश चक्रवर्ती, दस्सी चक्रवर्ती व कौड़यिा ग्राम के जुगल चक्रवर्ती, जयकुमार चक्रवर्ती का कहना है कि मिट्टी को आकार देना आसान नहीं होता। हर साल दीपावली के पहले मिट्टी को महीन करना फिर गलाना, उसके कंकड़ साफ करना फिर चक्के पर रखकर अलग-अलग आकार दिया जाता है। महंगाई के इस दौर में हर कोई सस्ता और अच्छा खरीदने की चाह रखता है। शुद्ध रूप से पीली मिट्टी से बनने वाले दीये की बात ही कुछ और है। उनका परिवार सदियों से मिट्टी के दीपक बनाते आ रहे हैं। उनकी जानकारी के अनुसार उनकी तीन पीढियों से बुजुर्ग मिट्टी के दीपक बनाते आ रहे हैं, तभी से यह मिट्टी को आकार देने की परम्परा हमारे परिवार में अक्षुण्ण है। उन्होंने बताया कि अभी मेरे साथ साथ मेरा पूरा परिवार दीपों के निर्माण में हमारा सहयोग कर रहा है। इससे वर्ष भर की जीवकोपार्जन हो जाती है। लक्ष्मी, गणेश प्रतिमाओं के साथ दीये बनाने का कार्य तेजी से चल रहा है

### बाजार मे सजेंगी दुकानें

दीपावली को लेकर कुछेक लोगों ने बाजार में सामान लाना शुरू कर दिया है, लेकिन एक दो दिनों बाद हर कही दीपक और दीपोत्सव के उपयोग में आने वाले मिट्टी के बर्तनों की दुकानें सज जाएंगी।साथ ही गांव गांव जाकर बिक्री भी शुरू कर दी गई है।

---

## स्वस्थ एवं सशक्त भारत निर्माण हेतु पोषण आहार की बताई महत्ता



शासकीय महाविद्यालय बरही में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं इको क्लब द्वारा प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शनएवंप्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में पोषण माह के अंतर्गत विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में डॉ. अरविंद सिंह ने विद्यार्थियों को बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वस्थ और सशक्त भारत का निर्माण करना है। किसी भी देश को सशक्त बनाने के लिए वहां के नागरिकों का स्वस्थ्य होना आवश्यक है एवं स्वस्थ्य शरीर के लिए भोजन में उचित मात्रा मे पोषक तत्वों की उपस्थिति आवश्यक होती है। यदि भोजन मे पोषक तत्व उचित मात्रा मे उपस्थित न हो तो शरीर अस्वस्थ एवं कमजोर होकर बीमार हो जायेगा। विश्व में आज कुपोषण बहुत बड़ी समस्या है, जिससे भारत भी अछूता नहीं है। इसकी मुख्य वजह उचित पोषण आहार का न मिलना है। यदि कोई बच्चा कुपोषण का शिकार है तो उसे कई शारीरिक और मानसिक दिक्कतों से जूझना पड़ता है, जैसे उम्र के हिसाब से वजन और हाइट का कम होना एवं हर वक्त सुस्त रहना और किसी कार्य मे रूचि न लेना आदि।

---

## 221 आवेदकों की बताई अपनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में 221 आवेदकों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर, संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, डिप्टी कलेक्टर द्वय विंकी सिंहमारे उइके, प्रदीप कुमार मिश्रा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी मौजूद हैं। जनसुनवाई के दौरान ग्राम चांदनखेड़ा के ग्रामीणों ने आवेदन देते हुए कहा कि पतने नदी डैम निर्माण की वजह से हमारी कृषि भूमि डूब क्षेत्र में आ रही है। इस वजह से हमारी धान की फसल पूर्ण रूप से समाप्तक हो गई है एवं हमारे सामने उदर-पोषण की समस्याध प्रकट हो गई है। इसलिए अतिशीघ्र सर्वे कराकर डूब क्षेत्र में आने वाले कृषकों की भूमि एवं फसल का उचित मुआवजा दिलायें। इस पर कलेक्टडर श्री तिवारी ने जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री को आवश्यीक कार्यवाही कर शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए। ग्राम कन्हकवारा निवासी शंकर नामदेव ने बताया कि 3 साल पूर्व हुए सर्वे में पटवारी द्वारा खसरा नंबर 524 में त्रुटिवश लखन विश्व3कर्मा का नाम चढ़ा दिया गया था जबकि इस भूमि में मैं 30 वर्षों से निवास कर रहा हूँ। एसडीएम कार्यालय में नाम सुधार हेतु आवेदन देने के बावजूद अभी तक नाम सुधार नहीं हो सका है। नाम सुधरवा दीजिये। इस पर कलेक्टेर श्री तिवारी ने नायब तहसीलदार कटनी नगर को शिकायत के निराकरण के निर्देश दिए।

ग्राम संकरीगढ़ गणेशपुर निवासी बुधिया कोरी ने कहा कि ऑनलाइन आवदेन में गलत उम्र दर्ज हो जाने की वजह से मुझे लाड़ली बहना योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। मुझे योजना का लाभ दिलायें। इस पर कलेक्ट र श्री तिवारी ने महिला एवं बाल विकास को पात्रतानुसार योजना का लाभ दिलाये जाने के निर्देश दिए। ग्राम संघवारा निवासी राममित्रदाहिया ने बकाया वेतन दिलायें जाने कि माँग करते हुए कलेक्टसर श्री तिवारी को बताया कि मैं वर्ष 2012 से ग्राम संघवारा एवं संकरी के कोटवार के पद पर कार्यरत हूँ। कोटवार को पूर्व में 400 रूपये मासिक वेतन मिलता था। वर्ष 2023 में शासन द्वारा इसे बढ़ाकर 1000 रूपये कर दिया गया है। परंतु, मुझे 2012 से अभी तके कुल 2000 रूपये ही मिला है। मुझे अतिशीघ्र मानदेय दिलायें इस पर कलेक्ट र श्री तिवारी ने विजयराघवगढ़ के तहसीलदार को शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए।

---

कर्मचारी एईबीएएस पोर्टल पर दर्ज करें रोजाना की उपस्थिति

## उपस्थिति कार्य में लापरवाही बरतने पर वेतन आहरण करने में होगी कठिनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासन द्वारा निकाय में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति की निगरानी एवं प्रबंधन को अधिक पारदर्शी, एकरूपता एवं प्रभावी बनाए जाने के उद्देश्य से एनआईसी द्वारा विकसित एमपी अटेंडेंस पोर्टल पर ए.ई.बी.ए.एस उपस्थिति प्रणाली को अनिवार्य किया गया है। शासन निर्देशों के अनुपालन में स्वास्थ्य विभाग के शत-प्रतिशत अधिकारी-कर्मचारी रजिस्टर्ड लोकेशन के अनुरूप ही अनिवार्य रूप से रोजाना की उपस्थित दर्ज करना सुनिश्चित करें, उपस्थिति कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को वेतन आहरण में परेशानियों का सामना करना पड सकता है। उक्त निर्देश उपायुक्त श्री शैलेश गुप्ता नें बुधवार को आयोजित स्वास्थ्य विभाग की बैठक के दौरान दिए। बैठक के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी सहित सभी स्वच्छता निरीक्षक एवं वार्ड दौरागा की मौजूदगी रही।



उपायुक्त श्री गुप्ता नें बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत नगर की सफाई व्यवस्था में संलग्न कर्मचारियों की उपस्थिति की सुविधा हेतु 5-6 लोकेशन निर्धारित की जा चुकी है। उक्त लोकेशन के अनुरूप की प्रातः कालीन एवं रात्रिकालीन सफाई कार्य में संलग्न सफाई कर्मचारी अपनी-अपनी उपस्थिति दर्ज करें। उपायुक्त श्री गुप्ता नें स्वच्छता निरीक्षकों एवं वार्ड दरोगाओं को सफाई कर्मचारियों की उपस्थित दर्ज करने के कार्य में सहयोग प्रदान करने के निर्देश देते हुए कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर आप स्वास्थ्य अधिकारी से संपर्क कर सकते है। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के उपस्थित कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं एवं संशयों का निराकरण प्रभारी ई-गवर्नेंस संदीप पाठक द्वारा किया गया।

बैठक में उपायुक्त श्री गुप्ता नें आगामी पर्वो को दृष्टिगत रखते हुए नगर की सफाई व्यवस्था में विशेष ध्यान देते हुए नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने के साथ ही विभागीय सीएम हेल्पलाइन की 50 दिवस एवं 100 दिवस की लंबित शिकायतों पर गंभीरतापूर्वक त्वरित कार्यवाही करते हुए उनका संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराने के निर्देश उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को दिए।

---

उन्नत तकनीकों को अपनाकर मक्का की बोवनी के लिए किया प्रेरित

## रीठी के किसानों ने मक्के की खेती से लिखी समृद्धि की इबारत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कृषि विभाग और बोरलॉग इंस्टीट्यूट ऑफ साउथ एशिया जबलपुर के सहयोग से उन्त कृषि तकनीकों को अपनाकर विकासखण्ड रीठी के किसानों ने खरीफ मक्का की खेती के द्वारा समृद्धि की नई इबारत लिखी है।

रीठी के ग्राम महगंवा, हथकुरी, सुगमा, शाहपुरा, बसुधा, कुपिया में पिछले वर्षों में खरीफ मक्के का रकबा लगभग 70 से 80 एकड़ था। इन गांवों में खरीफ में कुछ खेतो में फसलों की बोनी ही नहीं की जाती थी। केवल रबी फसलें ही ली जाती थी। कृषि विभाग द्वारा इन गांवों के कुछ कृषकों का चयन आधुनिक कृषि पद्धति से खरीफ मक्के की बोनी के लिये किया गया और खरीफ में मक्का लगाने हेतु किसानों को प्रेरित किया गया। साथ ही कृषि विभाग और बोरलॉग इंस्टीट्यूट द्वारा खरीफ मक्के को उन्नत तकनीक का प्रदर्शन किया गया।






### उन्नत तकनीक का कमाल

खरीफ में मक्के की बोनी, खेत में रेजवेड सीडड्रिल के माध्यम से बेड बनाकर की गई। इस पद्धति में मेढ़ बनाकर बुवाई की जाती है, जिससे मेढ़ों के बीच के भाग से अतिरिक्त पानी निकल जाता है और बीज व फसल को नुकसान नहीं होता है। यह विधि जल संरक्षण में सहायक होने के साथ ही मक्के की फसल को रोग मुक्त रखने और उन्नत विकास करने में मददगार साबित हुई है।

ग्राम महगंवा, हथकुरी, सुगमा, शाहपुरा, बसुधा, कुपिया में 1500 एकड़ में खरीफ में मक्के की बोनी की गयी थी। कृषक संदीप जैन ग्राम महगंवा, पंकज सोलंकी ग्राम शहपुरा (निर्टरा), राजेन्द्र सिंह ग्राम सुगंबा ने चर्चा के दौरान बताया कि मक्के की खेती की लागत धान की अपेक्षा कम है। जहां धान में पौध रोपण हेतु अधिक मजदूर लगते हैं, वहीं मक्के की बोनी सीडड्रिल से आसानी से की जा सकती है। इससे मक्के को लगाने की लागत कम आती है। किसानों द्वारा यह भी बताया गया कि खरीफ में पहले फसल नहीं ली जाती थी। मक्का फसल लगाने से अतिरिक्त मुनाफा होगा। किसानों द्वारा यह भी बताया गया कि अनाज व्यापारियों द्वारा मक्का 1800 रूपये से लेकर 2300 रूपये प्रति क्विंटल तक खरीदा जा रहा है। इस प्रकार रीठी विकासखण्ड के इन ग्रामों में खरीफ मक्का के क्षेत्र विस्तार की संभावनाएं है।

उन्नत तकनीक से मक्का के प्रदर्शनो के आयोजन में संजय कुमार, तकनीकी विशेषज्ञय बोरलॉग इंस्टीट्यूट ऑफ साउथ एशिया जबलपुर, सुमा मरकाम, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रीठी, मुकेश लोधी, कृषि विस्तार अधिकारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रीठी ने यह आशा व्यक्त की है कि मक्के की खेती में मिली यह सफलता आसपास के अन्य ग्रामों के किसानों को भी प्रेरित करेंगी। आने वाले समय में विकासखण्ड में खरीफ मक्के का रकवा और भी बढेगा जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

---

## अतिरिक्त भवन निर्माण हेतु 564.63 लाख की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

शासकीय महाविद्यालय बड़वारा के प्रथम एवं द्वितीय तल पर भवन निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति उच्च शिक्षा विभाग से मिली है। अभी महाविद्यालय भूतल एवं प्रथम तल के दो कमरों में संचालित है। अब प्रथम एवं द्वितीय तल के भवन निर्माण के पश्चात अनेको सुविधाएँ जैंसे विज्ञान प्रयोगशालाएं, कम्प्यूटर कक्ष, स्मार्ट क्लास, छात्राओं के लिए कॉमन रूम, शैक्षणिक कक्ष आदि की व्यवस्था महाविद्यालय में हो सकेंगी।

ज्ञात हो कि महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सोनेलाल (गुड्डु) साहू जी, बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह , सांसद श्रीमति हिमाद्री सिंह एवं तात्कालिक कलेक्टर के अथक प्रयासों से यह सफलता प्राप्त हो सकी है। महाविद्यालय के विकास कार्यों में व्यक्तिगति रुचि लेकर नवीन निर्माण कार्य हेतु जनभागीदारी अध्यक्ष सोनेलाल साहू के द्वारा उच्च कार्यालयों में पत्राचार से लेकर जनप्रतिनिधियों, मंत्रियों एवं मुख्यमंत्री को मांग पत्र देना, भोपाल पहुंचकर व्यक्तिगत रुप से महाविद्यालय के विकास हेतु चर्चा करना आदि प्रयास अनेकों बार किए गये थे। जिसके बाद आज यह उपलब्धि हासिल हुई है और प्रथम एवं द्वितीय तल के भवन निर्माण हेतु 564.63 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। अतिरिक्त भवन निर्माण एवं सुविधाओं के बढ़ने से निश्चित तौर पर यहाँ अध्यन करने वाले छात्र छात्रायें लाभान्वित होंगे। इस उपलब्धि से, जनभागीदारी समिति के सदस्यों, महाविद्यालय स्टाफ, छात्र छात्राओं एवं क्षेत्रवाशियों के बीच हर्ष व्याप्त है।

**खबर संक्षेप**

### अमानगंज में हुआ पैरेंट्स-टीचर मीटिंग का आयोजन

**अमानगंज।** रॉयल चिल्ड्रन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, अमानगंज में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत त्रैमासिक परीक्षा फल घोषित एवं पेटीएम पैरेंट्स-टीचर मीटिंग कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों और शिक्षकों के बीच समन्वय स्थापित करते हुए विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति पर चर्चा करना रहा। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्य व शिक्षकों की उपस्थिति में अभिभावकों को छात्रों के परीक्षा परिणाम, कक्षा में व्यवहार, उपस्थिति, और समग्र विकास के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में कई अभिभावकों ने अपने विचार भी साझा किए और स्कूल के शैक्षणिक माहौल एवं तकनीकी पहल की सराहना की। शिक्षकों ने भी अभिभावकों से संवाद स्थापित कर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।यह आयोजन अभिभावक, शिक्षक और विद्यालय के त्रिकोणीय सहयोग को और मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय पहल साबित हुआ।

## अव्यवस्था- बस स्टैंड परिसर पर माल वाहकों का कब्जा, जिम्मेदार अधिकारी नहीं कर रहे कोई कार्रवाई

# ट्रैफिक नियमों की अनदेखी: बस स्टैंड की बजाय मुख्य सड़क पर खड़ी हो रही बसें, लग रहा जाम





हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

नगर में ट्रैफिक व्यवस्था एवं नियमों को नजर अंदाज कर बसों को बस स्टैंड की बजाय मुख्य मार्ग पर खड़ा किया जा रहा है। जिसके कारण जाम की स्थिति बनती रहती है। वहीं कई बार बसों के कारण दुर्घटना की संभावना बन जाती है। हालात ये हैं कि बस चालकों ने मुख्य मार्ग को ही बस स्टैंड बना लिया है। लेकिन इख अव्यवस्था को दूर करने के लिए नगर परिषद एवं पुलिस प्रशासन द्वारा कोई भी कारगर कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। वैसे भी तेंदूखेड़ा नगर का बस स्टैंड लंबे समय से अव्यवस्था और अतिक्रमण का शिकार है। यहां से प्रतिदिन सागर, जबलपुर, दमोह छतरपुर, टीकमगढ़, देवरी, महाराजपुर, रहली, पाटन, भोपाल, इंदौर सहित अन्य स्थानों के लिए बसें आती-जाती हैं। अधिकतर बसें मुख्य सड़क पर ही रूकती हैं। इस दौरान सवारियों को उतारा और चढ़ाया जाता है। जिससे मार्ग से गुजरने वाले अन्य वाहन चालको को परेशानी होती है। लेकिन बस संचालकों को दूसरों की परेशानी से कोई सरोकार नहीं रहता है। जाम के कारण कई बार दुर्घटनाएं भी घट चुकी हैं फिर भी प्रशासन इस समस्या को हल करने में रुचि नहीं दिखा रहा है। हालांकि पूर्व में पुलिस प्रशासन द्वारा इस ओर प्रयास किए गए थे, लेकिन कुछ बाद फिर से जस के तस हालात बन गए है।

### रोज बन रहे जाम जैसे हालत से लोग परेशान

उधर बस स्टैंड पर मालवाहक वाहनों का कब्जा है। पूरे परिसर में बड़ी संख्या में मालवाहक खड़े रहते हैं। इस वजह से भी यात्री बसे अंदर नहीं जा पाती है। लोगों का कहना है कि बस स्टैंड होने के बाद भी बस चालकों और एजेंटों द्वारा बसों को स्टैंड छोड़ कर मुख्य मार्ग पर खड़ा किया जाता है। जिससे रोज जाम जैसे हालत बनते रहते हैं। कई बार लंबा जाम लग जाता है। कभी-कभी जाम में 108 वाहन और डायल 112 भी फंस जाती है

### स्टैंड पर यात्रियों के लिए नहीं है पर्याप्त सुविधाएं

नगर के बस स्टैंड पर यात्रियों के लिए कोई सुविधा नहीं होने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां यात्री प्रतीक्षालय तो बना है, पर सुविधाएं नहीं होने से यात्री उसका उपयोग नहीं कर रहे हैं। ऐसे में उन्हें होटल व चाय नाश्ते की दुकानों पर बैठकर बसों का इंतजार करना पड़ता है। वहीं बस स्टैंड पर पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण बसों को मार्ग पर खड़ा होना पड़ता है। बस स्टैंड के अंदर की तरफ जब बसे जाती है और अंदर से बाहर की तरफ आती है तो यहां जाम लग जाता है। स्टैंड पर पर्याप्त जगह नहीं होने से चालक कहीं भी यात्री बसें खड़ी कर देते हैं। लेकिन बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों को रोकने-टोकने वाला कोई नजर नहीं आ रहा है।

### पुलिस की समझाइश का नहीं हो रहा असर

इस संबंध में तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी नीतेश जैन का कहना है कि वाहन चालकों एवं बस चालकों को सड़क पर वाहन नहीं खड़े करने के लिए बार-बार हिदायत दी जा रही है। लेकिन इसके बाद भी नहीं मान रहे है तो एक बार और उन्हें समझाइश दी जाएगी। यदि नहीं माने तो चालानी कार्रवाई की जाएंगी।

### उपखंड स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक सम्पन्न

**दमोह।** अनुभाग तेंदूखेड़ा में उपखंड स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस सबंध में एसडीएम तेंदूखेड़ा सौरभ गंधर्व ने बताया बैठक में जिला स्तरीय समिति द्वारा पुनर्विचार हेतु प्रेषित सभी 6 प्रकरणों में निर्णय लिया गया। उपखंड स्तरीय समिति से ग्राम स्तरीय समिति को पुनर्विचार हेतु भेजे गए सभी 42 दावों पर संयुक्त दल गठन का निर्णय लिया गया। तेंदूखेड़ा और जबेरा के वनाधिकार के समस्त नवीन दावों पर ग्राम स्तरीय समिति के निर्णय हेतु समय सीमा निर्धारित की गई। एसडीएम श्री गंधर्व ने बताया अजीतपुर ग्राम के बहु विवादित वनाधिकार प्रकरण में निर्णय लिया गया जिसमें संबंधित आदिवासी वर्ग के व्यक्ति के अधिकार की पुष्टि हुई।

### आज मप्र एकता परिषद का प्रतिनिधि मण्डल कलेक्टर से मिलेगा

**हिण्डोरिया।** आज वनाधिकार कानून, भू-राजस्व कानून,भूमि विस्थापन एवं आजीविका के विभिन्न मुद्दो को लेकर जन संगठन एकता परिषद जिला दमोह के सक्रिय मुखियाओं का प्रतिनिधि मण्डल कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर से संवाद करेगा। म. प्र. एकता परिषद के पूर्व राज्य समन्वयक सुजात खान ने बताया कि कलेक्टर श्री कोचर से इस सम्बंध मे चर्चा हो चुकी है। इस दौरान जिला के भूमि एवं आजीविका के मुद्दे समाधान के लिए कलेक्टर से शीघ्र जिला समवयं बैठक रखने की विशेष मांग रखी जायेगी।

## बांदकपुर धाम में हुआ बुंदेली सांस्कृतिक महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

बुंदेलखंड के प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में छात्र कल्याण समिति जिला दमोह द्वारा संस्कृति विभाग मध्य प्रदेश शासन के सहयोग से बुंदेली सांस्कृतिक महोत्सव एवं समरसता भोज का आयोजन किया गया। बुंदेलखंड के विभिन्न प्रतिभावान कलाकारों ने सहभागिता की एवं समरसता भोज के माध्यम से समाज को सामाजिक सद्भाव बनाने का आग्रह किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मध्य प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, दमोह विधायक एवं पूर्व वित्त मंत्री जयंत कुमार मलैया, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, उपाध्यक्ष डॉ. मंजू धर्मेंद्र कटारे, वरिष्ठ साहित्यकार नरेंद्र दुबे, जटाशंकर धाम दमोह के महंत मोनू पाठक,जनपद सदस्य संगीता श्रीधर एवं मंडल अध्यक्ष बृजेश ठाकुर द्वारा किया गया इस दौरान सभी कलाकारों का सम्मान भी किया गया। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने कहा बुंदेलखंड की यह कला और संस्कृति अद्भुत है इसका संरक्षण संवर्धन वर्तमान युवा पीढ़ी को करने की आवश्यकता है प्रसन्नता है कि छात्र सर्व कल्याण समिति द्वारा निरंतर बुंदेलखंड की कला और संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन हेतु अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन करती है आज के इस आयोजन में सहभागिता कर गौरवान्वित हूं। दमोह विधायक एवं पूर्व मंत्री जयंत कुमार मलैया ने कहा बुंदेलखंड की कला एवं संस्कृति अत्यंत समृद्ध है आज बांदकपुर धाम में समाजसेवी एवं संस्था अध्यक्ष कृष्णा पटेल के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित बुंदेली सांस्कृतिक महोत्सव एवं बुंदेली व्यंजन के रूप में सामाजिक समरसता भोज का आयोजन किया गया जो अभूतपूर्व है अपने जन्मदिन को समाज के सुधार हेतु समर्पित करना समाज को एक सकारात्मक संदेश देता है।

इस दौरान अजय खत्री, श्रीराम पटेल, धर्मेंद्र चटन पटेल, राघवेन्द्र सिंह परिहार, सतीश तिवारी, महंत सीतू पंडा, रमाकांत बाजपेयी, राजेन्द्र चौरसिया, भरत यादव, वीरू दुबे, दीपक मिश्रा, राजुल चौराहा, रघुवीर रजक, अखिलेश हजारी, वीरू नेमा, हेमंत पटेल, शंकर गौतम, रोहित जैन, नितिन सिंह तोमर, अंशु दुबे, मयंक श्रीवास्तव, भूपेंद्र तिवारी, जितेंद्र ठाकुर, जन अभियान परिषद संभाग समन्वयक अभिताभ श्रीवास्तव सहित अनेक संख्या में गणमान्यजनों की उपस्थिति रही।

## खानकाह नूरी फरीदी में महफिले शमा सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

स्थानीय खानकाह नूरी फरीदी में पीरो मुर्शिद हाजी कमालुद्दीन खान सल्लामहु ताआला ( हाजी कमाल मियां) की सरपरस्ती एवं पीरजादा बसीमुददीन चिश्ती, जाउददीन मियां, मिस्वा मियां, बसीक मियाँ की मौजूदगी मे यादगार महफिले शमा का मध्य रात्रि तक आयोजन किया गया। इस इस मौके पर जबलपुर से आए मशहूर कव्वाल जनाब हमीद चिश्ती-तौसीफ चिश्ती एण्ड कव्वाल पार्टी के द्वारा शानदार दीनी कलाम पेश किये गये। इस मौके पर फनकारों के उम्दा कलाम पर उपस्थित हकीकतमंद हजरात व ऐहले तरीकत भाईयों द्वारा नगद नजराना देकर देकर फनकारों की हौसला अफजाई की गई। कार्यक्रम में भोपाल, सागर, रहली, गढ़ाकोटा, दमोह, हटा, पटेरा, हिंडोरिया, रैपुरा, सागोनी, अमानगंज, गैसाबाद, सहित प्रदेश भर के पीरो- मुर्शिद के दीवानों ने बडी.तादाद मे शिरकत की। कुल की न्याजपाक के पश्चात तबरूक (प्रसाद) का वितरण कर प्रोग्राम का समापन किया गया।

## शस्त्र पूजन व पद संचलन संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तारादेही

राष्ट्रीय स्वयं संघ की स्थापना वर्ष एवं शताब्दी के उपलक्ष में बुधवार को तेन्दूखेड़ा ब्लॉक के ग्राम खमरिया शिवलाल और सर्रा में मंगलवार एवं बुधवार को कोटखेडा में शस्त्र पूजन एवं पद संचलन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम के स्वंय सेवकों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम मैं कहां की समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए हमें पचं परिवर्तन की दिशा में आगे बढ़ना होगा जिसमें सामाजिक समरसता. कुटुब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण.,‸ वदेशी विचारों. और नागरिक कर्तव्य प्रमुख आधार है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण तभी संभव है। जब हर व्यक्ति अपने दैनिक जीवन में अनुशासन. सेवा भावनाओं संस्कारों को अपनाए इस अवसर पर संगीत के साथ शस्त्र पूजन विधि - विधानपूर्वक संपन्न हुआ तत्पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा गांव की गलियों में पथ संचलन निकाला गया। जिसमें अनुशासित पंक्तियों में कदमताल करते हुए स्वयंसेवकों ने भारत माता की जय और जय श्री राम के नारे लगाए।

## कृषक संगोष्ठी में किसानों को मक्का की फसल की बताई विशेषताएं



**जबेरा।** श्रीराम कृषि सेवा केंद्र जबेरा एवं न्यूजीवेदु सीड्स हैदराबाद के सहयोग से जबेरा के बिछिया में बुधवार को कृषक संगोष्ठी एवं दाल बाटी भर्ता पुलाव का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि विभाग जबेरा से वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नरेंद्र सिंह ठाकुर, कंपनी एरिया मैनेजर इंदर सिंह ठाकुर, अमित ठाकुर एवं श्रीराम कृषि सेवा केंद्र जबेरा से चंद्रभान पटेल, प्रगतिशील किसान सुरेन्द्र सिंघई, सुनील सिंघई, राजेश सिंघई, बंटी दुबे, अरुण बाजपेई,मंकू जैन, कालू जैन, मोहन, प्रीतम पटेल, सतीश साहू, पप्पू पाटकर, भैया लाल पटेल आदि की उपस्थिति रही। कृषक संगोष्ठी में कंपनी प्रतिनिधि द्वारा एन एम एच 4786 कैप्सूल मक्का की फसल प्रदर्शन का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें मक्का की विशेषताओं के बारे में किसानों को बतलाया गया। जिसमें नारंगी और वजनदार दाना पौधे गिरने के प्रति सहन सील एवं आने वाले रवि सीजन के लिए एन डब्लू एस 2084 कविता गेहूं एवं बादशाह 2194 गेहूं के विषय में जानकारी किसानों के लिए दी गई। इस दौरान वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नरेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा खाद प्रबंधन के विषय में जानकारी देते हुए नेजूवेदु सीड्स के प्रॉडक्ट की प्रशंसा की गई एवं किसानों को कंपनी उत्पाद उपयोग करने की सलाह दी गई। इस संगोष्ठी में लगभग एक सौ पचास किसानों की उपस्थिति रही। कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा सभी का आभार माना एवं किसानों को सम्मानित किया गया।

## शासकीय महाविद्यालय पथरिया में एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन



**दमोह।** शासकीय महाविद्यालय पथरिया में "आपदा प्रबंधन एवं संचार के साधन" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया. वेबीनार। की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दी प्रज्वलित कर की गई. स्वागत भाषण में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनय वर्मा ने कहा कि आज की परिस्थितियों में तकनीकी विकास होने के बावजूद भी आपदाओं से निपटना हम सबके लिए एक चुनौती है और इन्हीं चुनौतियों पर विचार करने हेतु यह वेबीनार आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एस के शुक्ला सर हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय में भूगोल के भूतपूर्व अध्यक्ष ने बताया कि आपदाएं अधिकांशतः अब मानव जनित हो गई हैं। प्रकृति से लगातार छेड़छाड़ के कारण इस प्रकार की समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं अतः मानव को सचेत हो जाना चाहिए। डॉ. सर हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय के भूगोल के भूतपूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर कमल शर्मा ने भारत के विभिन्न राज्यों में सूखा, बाढ़, भूकंप, सुनामी आदि आपदाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला साधनों द्वारा इनसे निपटने के तरीकों पर अपने विचार व्यक्त किये।प्रोफेसर शिवाकांत सिंह गोरखपुर विश्वविद्यालय ने कहा कि हिमालय पर गलते ग्लेशियर और बादल फटने से बाढ़ आ रही है। उन्होंने तीस्ता नदी का विशेष संदर्भ देते हुए अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। राजस्थान से डॉ अजय कुमार मीणा ने राजस्थान में व सूखाग्रस्त क्षेत्रों पर अपना ध्यान आकर्षित किया.वेबीनार के संयोजक डॉ. गजेंद्र नामदेव ने सभी के सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया. सहसंयोजक डॉ. संध्या शर्मा ने वेबीनार के मुख्य अतिथि का परिचय दिया। वेबीनार में डॉ. टी.एम.शुक्ला, शेख ताज सर, चिन्मय सर, डॉ. जगदीश अहिरवार, श्रीमती प्रियंका राजपूत, डॉ. देवेश अहिरवार, डॉ सुधीर साहू एवं महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक, अशैक्षणिक स्टाफ एवं शोध छात्र उपस्थित रहे।

## जैन मिलन वरिष्ठ शाखा दमोह की आतिथ्य में तीर्थ सुरक्षा सम्मेलन एवं कार्यकारिणी की द्वितीय बैठक का आयोजन

# जैन मिलन की बैठक में तीर्थ सुरक्षा सहित गंभीर समस्याओं पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह






**दमोह।** जैन मिलन वरिष्ठ शाखा दमोह के आतिथ्य में भारतीय जैन मिलन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अतिवीर एड.कमलेंद्र जैन सागर, उपाध्यक्ष एवं कुण्डलपुर सिद्ध क्षेत्र के महामंत्री अतिवीर इंजी आर के जैन के कुशल निर्देशन में बैठक आयोजित हुई। क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं मंत्री अतिवीर अरुण चंदेरिया एवं अतिवीरंगना श्रीमती कविता (ऋषभ जैन), एवं एस सी जैन साब के नेतृत्व में सागर की समस्त लगभग 10 शाखाओं के पदाधिकारी एक साथ पथरिया एवं रहली पटनागंज में विराजमान साधुओं के एवं पटेरिया, पार्श्वनाथ जी के दर्शन करते हुए आदिश्वर गिरी नोहटा पहुंचे तथा क्षेत्र क्र 10 की अन्य शाखाएं बरौदिया राहतगढ़,ख़िमलासा गढ़ाकोटा तथा दमोह की शाखाएं, पथरिया,पटेरा आदि सभी जगह की महिला एवं पुरुष लगभग 30 से ज्यादा शाखाओं के पदाधिकारी तथा दमोह दिग. जैन पंचायत के अध्यक्ष सुधीर जैन, मंत्री वीर पदम चंद खली एवं प्रमुख वक्ता के रूप में प्रतिष्ठित विद्वान संस्कृत एवं प्राकृत भाषा के प्रोफेसर, प्रतिष्ठाचार्य द्वविद्वान पंडित अभिषेक, आशीष भैया , तथा दमोह में जैन मिलन की शाखा एवं क्षेत्र क्र 10 की आधार शिला रखने वाले अतिवीर मूल चंद मासाब, एवं आदिश्वर गिरी क्षेत्र के अध्यक्ष उमेश जैन की शानदार व्यवस्था में सभी लोग आदिश्वर गिरी पहुंचे, सर्व प्रथम अतिशय कारी भगवान आदिनाथ जी के भक्ति भाव पूर्वक दर्शन कर स्वादिष्ट अल्पाहार चाय कॉफी ग्रहण कर, बैठक प्रारम्भ हुई, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अतिवीर दिलेश चौधरी ने मंच संचालन करते हुए,सर्व प्रथम दमोह जैन पंचायत अध्यक्ष/मंत्री द्वारा मंच उद्घाटन किया उपरांत अतिवीर मोती लाल गोयल ने चित्र अनावरण, नेम चंद भिड़ा ने दीप दीपायन किया एवं जैन मिलन शाखा के सभी सदस्यों द्वारा महावीर प्रार्थना कर, सभी मंचासीन का वरिष्ठ शाखा दमोह के सदस्यों द्वारा अंगवस्त्र, माला एवं तिलक चन्दन, वंदन द्वारा सम्मान किया गया। बैठक के प्रथम चरण में तीर्थ सुरक्षा सम्मेलन की प्रस्तावना में मंच संचालक ने तीर्थ एवं साधु चर्या सुरक्षा एक अति ज्वलंत गंभीर समस्या बताया, एवं मंच क्षेत्रीय मंत्री को सौंपते हुए आगे की कार्यवाही हेतु अनुग्रहित किया। प्रथम वक्ता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अतिवीर इजी आर के जैन ने अपने उद्बोधन में समस्या एवं उसके समाधान पर विचार रखे। उन्होंने एक ट्रस्ट की स्थापना पर जोर दे कर कहा कि कुछ करने से पहले हमें एक जुट होकर ट्रस्ट बनाना चाहिए, दमोह जैन पंचायत अध्यक्ष ने इस समस्या पर संस्कारों को बढ़ावा देने हेतु बोर्डिंग स्कूल बना कर बच्चों को जैन संस्कार हेतु विचार रखे। अगले क्रम में आदिश्वर गिरी के अध्यक्ष उमेश जैन ने इस क्षेत्र की विस्तृत जानकारी एवं चल रहे निर्माण कार्य एवं आगामी रूप रेखा को सबके सामने प्रस्तुत की, तथा प्रसन्नता के साथ ऐसे सम्मेलन एवं बैठकों का आयोजन इस क्षेत्र पर होते रहें ऐसी हम सभी की भावना है। प्रतिष्ठित विद्वान अभिषेक आशीष ने जैन विरासत कितनी विशाल रही, ओर कैसे संभाली जा सकती है इस पर सप्रमाण, तथा प्रशासन के एवं उनके वित्तीय सहयोग एवं जैन लिपियों जिनमें मंदिर एवं जिनबिम्ब को संरक्षित करने पर साझाइस दी तथा ट्रस्ट बनाने हेतु सर्व प्रथम अपना नाम जोड़ने एवं पूर्ण सहयोग की भावना रखी। मुख्य अतिथि के उद्बोधन के रूप मे राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अतिवीर एड. कमलेंद्र ने कैसे आदिनाथ भगवान से भरत जी द्वारा कैसे तीर्थ स्थापित हुए तथा भगवान महावीर के संदेश जीव दया एवं जैन संस्कार (जो की स्वस्थ मनुष्य की जीवन जीने की कला) जिसको हमे कैसे सुरक्षित करना है, पर अपनी समाज एवं अपने क्या दायित्व बनते है इस पर विशेष जोर देते हुए ट्रस्ट बनाने के प्रस्ताव पर सम्पूर्ण सहमति के साथ शीघ्र ही ट्रस्ट पंजीयन कराने का निर्णय लिया। ट्रस्टी जन अभी मात्र पांच हजार एक सौ रूपये की राशि जमा कर अपना नाम लिखा सकते है, जिस पर लगभग पचास सदस्यों ने तुरंत सहमति दी, तथा उन्होंने अगली बैठक के बाद यह राशि बढ़ा कर ग्यारह हजार एक रुपए निर्धारित की जावेगी ऐसा निर्णय लिया गया। मुख्य अतिथि के उद्बोधन के बाद प्रथम सत्र की कार्यवाही पूर्ण हुई, तदोपरान्त द्वितीय सत्र की क्षेत्रीय कार्य कारिणी की बैठक हेतु समस्त क्षेत्रीय पदाधिकारीगण एवं वीर , अतिवीर राकेश हरदुआ सुधीर डब्लू एवं मंजू सतभैया मंचाशीन हुए एवं सभी उपस्थित शाखाओं के सभी पदाधिकारी बैठक में शामिल हुए। सर्व प्रथम क्षेत्रीय मंत्री अतिवीरांगना श्रीमती कविता ऋषभ ने बैठक में उपस्थित सभी का स्वागत करते हुए कार्यवाही शुरू की। पूर्व बैठक का वाचन एवं की गई संक्षिप्त कार्यवाही का विवरण दिया, पिछले माह सभी क्षेत्र की सभी शाखाओं द्वारा मंदिर जी में नमोकार पाठ, पौधा रोपण एवं प्रतिभावान क्षात्रों का सम्मान जैसे कार्यकर्मों की राष्ट्रीय कमेटी द्वारा राष्ट्रीय बैठक में प्रशंसा की गई एवं आगामी कार्यक्रम, तीर्थ सुरक्षा पर एवं तीर्थ वंदना, एवं भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण महोत्सव पर शाखाओं की भागीदार करने हेतु कहा गया, क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं कार्य कारी अध्यक्ष ने अपने उद्बोधनो में सभी पुरुष एवं महिला मिलन शाखाओं के पदाधिकारी को समुचित बैठक आयोजन एवं गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने हेतु निर्देशित किया, उपस्थित सभी शाखाओं केवीर एवं वीरांगनाओं का स्वागत अंग वस्त्र माला एवं चन्दन तिलक कर, तथा आदिश्वर गिरी समिति का स्वागत सम्मान महावीर वंदना भेट कर वरिष्ठ शाखा के सभी सदस्यों द्वारा किया गया, इसी अवसर पर नोहटा में नई जैन मिलन युवा शाखा का नवीन गठन किया गया, सभी सदस्यों का एवं वरिष्ठ शाखा दमोह का स्वागत सम्मान क्षेत्रीय पदाधिकारियों ने किय।

### कृषि डायग्नोस्टिक टीम ने विभिन्न ग्रामों का किया भ्रमण

**दमोह।** जिला स्तरीय कृषि डायग्नोस्टिक टीम ने जिले के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण किया। इस दौरान दमोह ब्लॉक के केवलारी गांव एवं कोड़यिा, मझगुवां इत्यादि गांव का भ्रमण किया गया। ग्राम केवलारी में धान फसल का निरीक्षण किया गया एवं किसानों को आवश्यक तकनीकी सलाह दी गई, जिसके अंतर्गत कृषकों को बताया गया कि BPH (भूरा फुदका हापर कीट के लिए पाइमेट्रोजन कीटनाशक 120 ग्राम/एकड़ की दर से स्प्रें करें) एवं धान में ब्लास्ट रोग (आंख के आकार के पत्ती धब्बा रोग) के लिए (प्रोपिकोनाजॉल ट्राइसाएक्लेजोल 300 मि.ली./एकड़ की दर से स्प्रे कर सकते है। धान में पत्ती छेदक, लपेटक एवं पत्ती खाने वाले इल्ली एवं वाली काटने वाली इल्ली के नियंत्रण हेतु (इमामेक्टिन बेन्जोएट कीटनाशक का 80-100 ग्राम/एकड़ की दर से स्प्रें कर सकते हैं)। डॉ. मनोज कुमार अहिरवार ने बताया किसी भी प्रकार की रोग-कीट दिखाई देने पर तकनीकि सलाह हेतु कृषि विज्ञान केन्द्र, दमोह में संपर्क करें। भ्रमण के दौरान प्रभारी वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र डॉ. मनोज कुमार अहिरवार, सहायक संचालक कृषि एस. एल. कुर्मी, कृषि विकास अधिकारी दमोह राजेंद्र अहिरवार, एवं गांव के कृषकों की उपस्थिति रही।

**खबर संक्षेप**

## प्रशासनिक कार्य की दृष्टि से तहसील प्रभारों में किया गया परिवर्तन

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा प्रशासनिक कार्य को दृष्टिगत रखते हुये नायब तहसीलदार पारूल चौधरी को प्रभारी तहसीलदार तहसील दमोह (ग्रामीण) का प्रभार आगामी आदेश पर्यन्त तक सौपा गया हैं। साथ ही प्रभारी तहसीलदार दमयन्तीनगर दमोह रॉबिन जैन को अपने कार्य के साथ-साथ राजस्व निरीक्षक मण्डल हिरदेपुर तहसील दमयन्तीनगर दमोह का प्रभार आगामी आदेश पर्यन्त तक सौपा जाता हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव शील होगा।

## दवा दुकानों का सतत निरीक्षण जारी

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिए गए निर्देशानुसार जिले में दवा दुकानों सतत निरीक्षण जारी हैं। औषधि निरीक्षक दमोह द्वारा दमोह में घंटाघर के पास संचालित सनमीत फार्मास्युटिकल पर सघन जांच की गई। जांच के दौरान मेडिकल में क्रय विक्रय होने वाली दवाइयों का रिकॉर्ड चेक किया गया। विक्रय होने वाली विभिन्न दवाओं (कफ सिरप, पेडियाट्रिक सिरप, कार्डिक कैटेगरी एवं अन्य) के 9 नमूने लिए गए जिन्हें जांच हेतु शासकीय प्रयोगशाला भोपाल भेजा जाएगा।

### वन विभाग और ग्राम पंचायत से बंदरों को पकड़ने की मांग

# सिग्रामपुर में बंदरों का आतंक पांच साल की बच्ची पर हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर



वन परिक्षेत्र सिंग्रामपुर में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है जिससे ग्रामीणों में भय और आक्रोश दोनों देखने को मिल रहा है। सुबह के समय घरों के बाहर निकलना और सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है। बंदरों के झुंड सड़कों, गलियों और घरों की छतों पर घूमते नजर आते हैं राहगीरों पर झपट पड़ते हैं और बच्चों को निशाना बना रहे हैं। गुरुवार को शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल में पांच वर्षीय बच्ची आध्या जैन पर बंदर ने हमला कर दिया बच्ची स्कूल परिसर में खेल रही थी तभी एक बंदर ने झपटकर उसे काट लिया जिससे उसके शरीर पर गंभीर घाव आए परिजनों ने घायल बच्ची को तत्काल जबेरा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां उसका उपचार किया गया डॉक्टरों ने बताया कि बच्ची की हालत अब सामान्य है। ग्रामवासी अखिल सिंघई ने बताया कि उनकी बेटी स्कूल में पढ़ने गई थी दोपहर को सूचना मिली कि बंदर ने हमला कर दिया है पीठ और कमर के पास गंभीर घाव आए हैं वहीं अवधेश जैन, सिद्धार्थ जैन और आकाश राय ने कहा कि सुबह टहलने निकले लोग बंदरों के झुंड देखकर लौट आते हैं कई बार बंदर राहगीरों पर झपट पड़ते हैं। घरों की छतों से सामान उठा ले जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अब बंदरों की संख्या पचास से अधिक हो चुकी है जिससे स्कूल और आंगनवाड़ी परिसरों में भी भय का माहौल है बच्चे डरे-सहमे रहते हैं और अभिभावक उन्हें स्कूल भेजने से हिचकिचा रहे हैं। ग्रामीण सत्येंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है। अब हालात बेकाबू हो चुके हैं बंदरों के हमलों से कोई बड़ा हादसा हो सकता है। इसलिए गांव के लोगों ने वन विभाग और ग्राम पंचायत से तत्काल बंदरों को पकड़ने की मांग की है यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# सगे भाई के हत्यारे को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

अनुविभाग के गैसाबाद थाना क्षेत्र में दो सगे भाइयों के बीच मामूली से लेनदेन को लेकर भाई ने अपने ही सगे भाई की हत्या किए जाने के मामले में हटा माननीय न्यायालय श्री राम सिंह बघेल तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा आरोपी को आजीवन कारावास की सजा एवं अर्थ दंड से दंडित किया गया। प्रकरण में अतिरिक्त लोक अभियोजक दिलीप सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया गया कि थाना गैसाबाद के अपराध क्रमांक 22/25 अंतर्गत धारा 103 (1) में मृतक ओंकार आदिवासी का शव लहू-लुहान अवस्था में सिरसाराम आदिवासी के घर के दरवाजे के सामने सी सी रोड पर पड़ा था जानकारी मिलते ही गैसाबाद थाना प्रभारी प्रीति पांडे घटना स्थल पर अपनी टीम के साथ पहुंची और देखा कि मृतक के दाहिने कंधे पर मोटरबाइक की चैन पड़ी हुई थी और खून के छोटे छोटे दाग सिरसाराम आदिवासी के घर की दीवाल पर पड़े थे तथा घटना स्थल पर लकड़ी के डंडा के छिलके पड़े थे जिन पर खून लगा था घटना स्थल पर मिले साक्ष्यों के आधार पर मृतक के भाई टिंकू आदिवासी से पूछताछ करने पर टिंकू आदिवासी द्वारा घटना घटित करना बताया गया तथा लोगों से पूछताछ करने पर लोगों द्वारा बताया गया कि जमीन के लेन - देन के ऊपर से मृतक ओंकार आदिवासी और उसके सगे भाई टिंकू आदिवासी के बीच आए दिन विवाद होता रहता था और घटना वाले दिन भी दोनों सगे भाइयों के बीच विवाद हुआ था। प्रकरण में मामले के सभी साक्षी पक्षद्रोही हो गए थे परन्तु विवेचना अधिकारी प्रीति पांडे की सूक्ष्म विवेचना के आधार पर अभियोजन मामले में माननीय न्यायालय के समक्ष अपना पक्ष रखने में कामयाब हुआ। प्रकरण में माननीय न्यायालय श्रीमान राम सिंह बघेल तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश हटा द्वारा निर्णय पारित करते हुए आरोपी टिंकू आदिवासी को धारा 103(1) बी. एन. एस. में आजीवन कारावास एवं 5000/- रुपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया अभियोजन की ओर से मामले की पैरवी दिलीप सिंह ठाकुर अतिरिक्त लोक अभियोजक हटा द्वारा की गई।

## वृद्ध की संदिग्ध हालत में गाड़ाघाट बड़े तालाब में मिला शव



**बनवार।** दमोह जिले के नोहटा थाना क्षेत्र के घाघरी गांव में मंगलवार रात एक 70 वर्षीय वृद्ध की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। वृद्ध जगत सिंह, पिता गन्नू सिंह, निवासी घाघरी अपने खेत की रखवाली के लिए तालाब के पास रात्रि विश्राम कर रहे थे। परिजनों ने बुधवार सुबह देखा कि जगत सिंह अपनी रात की विश्राम स्थल पर नहीं थे। कपड़े, जूते और लाठी वहीं पड़ी मिली। परिजनों ने आसपास तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। कुछ दूरी पर लगभग 500-600 मीटर दूर वृद्ध का अंडरवियर पाया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद नोहटा पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया। इसके बाद एसडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंची और लगातार दो दिनों तक चलाए गए ऑपरेशन के दौरान वृद्ध का शव गाड़ाघाट बड़े जलाशय से बरामद किया गया। पुलिस ने मौके पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को सुरक्षित कर पोस्टमार्टम हेतु दमोह भेजा। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है और घटना के संदर्भ में जांच की मांग की है। थाना प्रभारी नोहटा अभिषेक पटेल ने बताया कि घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट निष्कर्ष सामने आएगा।

# डबल लाक में खाद नहीं मिलने से किसान परेशान

**पथरिया।** कार्यालय उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग दमोह ने पथरिया डबल लॉक केन्द्र पर खाद वितरण की महत्वपूर्ण सूचना दी जिसमें डबललॉक केन्द्र में उर्वरक का वितरण सुबह 09 बजे से किया जावेगा पर डीएपी समाप्त हो गया है, डीएपी के स्थान पर किसान बंधु एनपीके तथा नेनो डीएपी का उपयोग भी कर सकते है। प्रत्येक टोकन पर किसान को 03 बोरी डीएपी से अधिक खाद का वितरण नहीं किया जावेगा। डवल लॉक केन्द्र पर आगामी आदेश तक नवीन टोकन वितरित नहीं किये जायेगे। पथरिया डबल लॉक परिसर में किसानो के लिये छाया पानी की आवश्यक व्यवस्था की गई है। विकास खण्ड में निजी विक्रेता फर्म का नाम मेसर्स चौधरी खाद बीज भंडार डीएपी 15 टन व यूरिया 03 टन बताया गया पर किसानों ने बुधवार को मोबाइल से निजी विक्रेता से संपर्क किया गया तो उनके द्वारा बताया कि डीएपी उपलब्ध नही है, हर साल की किसानों को खाद की समस्या का सामना करना पड़ता है लेकिन उसके बाद भी शासन द्वारा पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नही कराया जाता जिससे कि हर बार किसानों को गोदाम में नही मिलने के कारण बाजार में 1600-1900 तक की बोरी खरीदना पड़ रहा है। पर सोचने वाली बात है कि डबल लाक गोदाम में खाद खत्म हो गया पर बाजार में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है । सिर्फ 400-500 रूपए अतिरिक्त एक बोरी पर देना होंगे मिल जाएगा। किसानों की मजबूरी है कि जरूरत है बोनी करना है तो जहां जितने में मिल जाए लें लेंगे । व्यापारी ऐसे मौका को खोना नही चाहता है। वैसे जिम्मेदार जनप्रतिनिधि अगर चाह लें तो अपने क्षेत्र में व्यवस्था कर सकते हैं नही तो जैसी व्यवस्था है उसी प्रकार सब चलता रहेगा। पहले रेक आ जाए फिर गोदाम में और फिर टोकन बंटेंगे और फिर कही एक एकड़ जमीन पर एक बोरी उपलब्ध हो पायेगी ऐसी कहानी चलती रहती है। जिला कलेक्टर से मांग है कि पर्याप्त मात्रा में खाद गोदाम पर उपलब्ध हो जिससे किसानों को बाजार से महंगे दामों में ना खरीदना पड़े साथ ही जो मनमाने तरीके से बेच रहे हैं उन पर कार्यवाही हो।

# भारत रत्न कलाम साहब का जन्म दिवस मनाया

**दमोह।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एम. ऐजाज खान व वक्फ वोर्ड प्रदेश अध्यक्ष सनवर पटेल के निदेश अनुसार एवं भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे के नेतृत्व एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य रशीद सिद्धकी के मार्गदर्शन पर पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के जन्म दिवस के अवसर पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए कार्यक्रम मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल जी ने कलाम साहब को स्मरण करते हुए जिस कलाम साहब ने भारत को शक्तिशाली बनाने में अपना सर्वत्र निछावर कर देश को मिसाइल लेश व परमाणु लेश बना कर भारत को शक्तिशाली बनाया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष गोलू बजाज ने अपने विचार व्यक्त कर प्रत्येक विद्यार्थियों को कलाम साहब जैसा संघर्षशील बनना पड़ेगा तब हम भारत देश को दुनिया में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर पायेगे। उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य आर एम पटेल ने भी कलाम साहब के जीवन पर रोशनी डाली भाजपा के वरिष्ठ नेता मजीद मासीह एवं समाज के सम्माननीय नियाज़ कुरैशी ने कलाम साहब के विचारों को हम सबको अपने ह्रदय में उतार कर उनके पद चिन्हों पर चलना चाहिए तब हमें देश को विकसित भारत बनने के लिए कोई नहीं रोक सकता। करकृम के अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष एड साजिद रिजबी ने जिस प्रकार से कलाम साहब ने भारत को दुनिया में अपना विशेष स्थान बनाने के लिए भारत द्वारा निर्मित सेटलाइट से लेकर मिसाईल एवं परमाणु बम बनाकर देश का गौरव और सम्मान बढ़ाया और अमेरिका की आंखों में धूल झुक कर परमाणु सफ़ल परीक्षण कर देश को शक्तिशाली बनाया। कार्यक्रम का संचालन युवा मोर्चा की पूर्व प्रदेश कार्य समिति सदस्य उजमा नाज ने किया कार्यक्रम का आभार प्रोग्राम के प्रभारी अल्पसंख्यक मोर्चा जिला महामंत्री सद्दाम खान ने किया। कार्यक्रम के पूर्व कलाम साहब के जीवन परिचय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 10वी, 11वी के 70 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में निवंध प्रतियोगिता व भाषण देने वाले सभी छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथियों के द्वारा सील्ड व प्रोत्साहन राशि भेट कि गई जिसमें निबंध प्रतियोगिता में प्रथम नम्रता असाटी, द्वितीय निहारिका खरे तृतीय दीपांशी राठौर विचार गोष्ठी प्रथम करुणा गुप्ता, द्वितीय वंश तौतनीं तृतीय दीपक पटेल।

# स्कूली बच्चों के लिए डेस्क फर्नीचर का वितरण




**दमोह।** HUDCO (हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड)ने अपनी कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) गतिविधियों के अंतर्गत दमोह जिले के 5 स्कूलों में 750 विद्यार्थियों के लिए डेस्क फर्नीचर प्रदान किए हैं। इस पहल का उद्देश्य स्कूली बच्चों को बेहतर शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में विधायक एवं पूर्व मंत्री जयंत मलैया की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने कहा, ₹शिक्षा के क्षेत्र में HUDCO की यह पहल सराहनीय है और इससे निश्चित रूप से विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। जिला शिक्षा अधिकारी श्री नेमा ने कहा, ₹HUDCO की यह पहल शिक्षा के क्षेत्र में एक सकारात्मक कदम है और इससे विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। HUDCO क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल की प्रमुख डॉ. तृप्ति एम. दीक्षित ने कहा, ₹हमारी कोशिश है कि स्कूली बच्चों को बेहतर सुविधाएं मिलें और वे अपने भविष्य को बेहतर बना सकें। इस पहल के अंतर्गत सिविल वार्ड 2 के, शासकीय ईएफए जेपीबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह सहित पाँच विद्यालयों को डेस्क फर्नीचर प्रदान किए गए । जिला प्रशासन ने भी HUDCO की इस जनहितैषी पहल की सराहना करते हुए इसे शिक्षा के क्षेत्र में एक सकारात्मक कदम बताया है।, जहां विद्यालय के प्राचार्य डी.के मिश्रा, कु. अनीता चौहान, सविता पटेल, मनमीत सिंह कौर, सपना साहू, नीलू जैन, रीना चौरसिया, अजय पाठक , अल्का मिश्रा, संगीता जैन, पुष्पा रतले, वंदना राजपूत, नरेश अहिरवाल, विष्णु शर्मा की उपस्थिति रही तथा कार्यक्रम का सफल संचालन शरद मिश्रा के द्वारा किया गया।

## पुरुषोत्तम कुशवाह को न्याय दिलाने आज होगा महाप्रदर्शन

**दमोह।** जिले में ओबीसी महासभा के नेतृत्व में आज सामाजिक न्याय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है यह आयोजन महा आंदोलन के रूप में आयोजित होगा और दमोह में जिस तरीके से सामाजिक न्याय के खिलाफ काम हो रहे हैं मनुवादी व्यवस्था दमोह जिले में अपने पैर पसार रही है उसे मनुवादी व्यवस्था के खिलाफ सामाजिक न्याय को बचाने के लिए सामाजिक न्याय को स्थापित करने के लिए और अभी हाल ही में हुई पुरुषोत्तम कुशवाहा के साथ घटना के विरोध में ओबीसी महासभा का विशाल आंदोलन होने जा रहा है जिसमें मुख्य रूप से ग्वालियर से ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य एडवोकेट धर्मेंद्र सिंह कुशवाहा (ग्वालियर),एड वैभव सिंह,महेंद्र सिंह लोधी,सुग्रीव कुशवाह (ग्वालियर),राष्ट्रीय महासचिव बृजेंद्र यादव (अशोक नगर),राष्ट्रीय प्रवक्ता ओबीसी महासभा एड विश्वजीत रतौनियां कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राकेश लोधी (इंतजप), सी बी कुशवाह भोपाल से योगेश कुशवाह शामिल होंगे, लीलाधर कुशवाह सुरेंद्र कुमार कुर्मी, डालचंद कुशवाहा अर्जुन, कुशवाहा बसंत कुशवाहा। आप सभी से इस आंदोलन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने की अपील भी करते हैं और यह निवेदन करते हैं के दामों में आप सब इकट्ठे होकर एक और में एक आवाज में सामाजिक न्याय को स्थापित करने की लड़ाई लड़ने के लिए अवश्य उपस्थित हो।

## जिले में विशेष टीकाकरण अभियान 22 अक्टूबर से

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के अठया ने बताया कि कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशानुसार जिले में टीकाकरण की सुविधा प्रत्येक बच्चे तक पहुॅचे एवं कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में विशेष टीकाकरण अभियान 22 अक्टूबर से प्रारंभ किया जा रहा है। यह अभियान तीन चरणों में सुबह 09 बजे से 04बजे तक संचालित होगा। प्रथम चरण 22 से 31 अक्टूबर, द्वितीय चरण 3 से 12 नवम्बर, तृतीय चरण 15 से 25 नवम्बर तक होगा। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (माह की 2, 9, 16 एवं 25 तारीख) तथा शासकीय अवकाश दिवसों में सत्र आयोजित नहीं होंगे।

# इस बार भी छह दिन का होगा दीपोत्सव का उल्लास

## दो-दो तारीखों की गफलत से फीका पड़ सकता है उत्सव

**हटा।** दीपों का पर्व दीपावली इस वर्ष एक बड़े असमंजस के साथ दस्तक दे रहा है। इस बार भी दीपोत्सव का पर्व पांच दिनों के बजाय छह दिनों का होगा। इसलिए दीपोत्सव का उल्लास पूरे छह दिन तक छाया रहेगा। वजह यह है कि इस बार भी अमावस्या तिथि दो दिन तक रहेगी। ऐसे में 20 अक्टूबर और 21 अक्टूबर को दो दिन लक्ष्मीपूजन होगा। यह लगातार दूसरा साल है, जब लक्ष्मी पूजन दो दिन तक होगा, क्योंकि पिछले साल भी लक्ष्मी पूजन दो दिन तक हुआ था। दीपोत्सव की शुरूआत इस साल 18 अक्टूबर को धनतेरस के साथ होगी। वैसे तो दीपावली के त्यौहार का उल्लास पांच दिन तक छाया रहता है, क्योंकि इसकी शुरूआत धनतेरस से होगी और भाईदूज को इस पर्व का समापन होता है। लेकिन यह लगातार चौथा साल है, जब



दीपोत्सव पांच दिन की जगह छह दिनों का हो रहा है। पिछले साल भी अमावस्या तिथि दो दिन थी। इसी प्रकार 2023 में भी अमावस्या तिथि दो दिन थी और दिवाली के अगले दिन सोमवती अमावस्या, स्नानदान अमावस्या थी। 2022 में दिवाली के अगले दिन सूर्यग्रहण होने के कारण भी भाईदूज तीसरे दिन मनी थी। अमावस्या तिथि 20 अक्टूबर सोमवार को दोपहर से आएगी और 21 अक्टूबर मंगलवार शाम तक रहेगी। पंडितों का कहना है कि मां महालक्ष्मी की पूजा प्रदोष काल, महानिशा काल में की जाती है। कई पंडितो ने पंचागों का हवाला देते हुए तर्क दिया है कि 20 अक्टूबर को पूरी रात अमावस्या तिथि मौजूद रहेगी, इसलिए 20 अक्टूबर को ही महालक्ष्मी पूजा करना श्रेष्ठ रहेगा। अगले दिन उदयातिथि की अमावस्या रहेगी, इसलिए इस दिन स्नानदान अमावस्या का संयोग रहेगा। जबकि कुछ पंडितों ने पंचांगों को लेकर यह भी तर्क दिया है कि अमावस्या तिथि दो दिन 20 और 21 अक्टूबर को रहेगी तथा दोनो दिन प्रदोषकाल रहेगे। इसलिए दूसरे दिन रहने वाला प्रदोषकाल को मान्य किया जाता है, इसलिए 21 अक्टूबर को भी महालक्ष्मी पूजन करना शुभ रहेगा।

### तिथि बढ़ने के कारण बनती है स्थिति-

पंडितों का कहना है कि हिंदू पंचांग, कैलेंडर के हिसाब से कई बार एक तिथि दो दिन तक रहती है, इसलिए ऐसी स्थिति बनती है। इस बार अमावस्या भी 20 अक्टूबर दोपहर 3 बजकर 52 मिनट पर आएगी और 21 अक्टूबर शाम 559 तक रहेगी। शास्त्रों में व्यवस्था है कि अमावस्या, पूर्णिमा, सहित कुछ तिथियां ऐसी हैं जो रात्रिकालीन मानी जाती है। रात्रि में जब यह तिथियां मौजूद रहती है, तभी पर्व मनाया जाता है। पिछले साल भी अमावस्या दो दिन थी।

# महाविद्यालय में युवा उत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में दिनांक 14 एवं 15अक्टूबर को महाविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जी. पी. चौधरी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ । कार्यक्रम संयोजक डॉ अवधेश जैन ने बताया पोस्टर निर्माण मैं प्रथम कुमारी आरती पटेल द्वितीय कुमारी निर्मला लड़िया । वाद विवाद प्रतियोगिता में कुमारी अंजलि जैन प्रथम, कुमारी संध्या अहिरवार द्वितीय।वक्रता मां कुमारी नंदिनी पटेल प्रथम, कुमारी निर्मला अहिर वाल द्वितीय, कुमारी निर्मला लडिया तृतीय ।प्रश्न मंच में कुमारी अंजली जैन और कुमारी नंदिनी बंसल प्रथम स्थान पर रही। रंगोली प्रतियोगिता में कुमारी ऐश्वर्या पटेल प्रथम कुमारी अंजली जैन द्वितीय कुमारी राधिका कोष्टी और कुमारी माही राजपूत तृतीय स्थान पर रही। कोलाज में कुमारी राजेश्वरी पटेल प्रथम कुमारी कुसुम पटेल द्वितीय। क्ले मॉडलिंग में कुमारी क्रांति ठाकुर प्रथम कुमारी कुमकुम ठाकुर द्वितीय कुमारी दीपाली लोधी तृतीय स्थान पर रही। इसी के साथ समूह गायन तुम समय की रेत पर मैं कुमारी नीतू पाठक, कुमारी तानिया गुप्ता कुमारी मीनाक्षी पाठक कुमारी संजना पाठक की सुंदर प्रस्तुति रही । बुंदेली समूह नृत्य में कुमारी दीक्षा पटेल कुमारी संतोषी लोधी कुमारी काजल और कुमारी जया अहिरवार ने बुंदेली नृत्य की मोहक प्रस्तुति दी । इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ एन पी नायक, डॉ रेखा जैन डॉ अरुण एम जैन, डॉ मालती नायक, डॉ शिरीन खान, डॉ जय अहिरवार डॉ प्रिया थापा सहित बड़ी संख्या में छात्राओं की उपस्थिति रही।

# पंचायत में जल कर से संबंधित बैठक संपन्न



**सिंग्रामपुर।** बुधवार को ग्राम पंचायत भवन में मध्य प्रदेश जल निगम पीआईयू, जबेरा- तेंदूखेड़ा ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंग्रामपुर में लंबे समय से पंचायत द्वारा जल कर जमा ना करने के कारण ग्राम पंचायत सिंग्रामपुर बिलतरा एवं भोजपुरा ग्राम में जल जीवन मिशन नल जल योजना का संचलन स्थगित पंचायत द्वारा किया गया था। आज सभी ग्रामवासियों की उपस्थिति में आज से सिंग्रामपुर, तिलगंवा एवं भोजपुर में पेय जल का संचालन पुनः सुरु कर दिया गया है। सभी ग्रामवासी जल कर समय पर जमा करेंगे। ऐसी सभी ने शपथ ली ग्राम कि बैठक में ग्राम पंचयात सरपंच प्रतिनिधि अजय सोनकर, सचिव राकेश सिंह, ग्राम वासियों पत्रकारों एवं जल निगम कि टीम से जन सहभागिता सहायक प्रबंधक भारत विश्वकर्मा, प्रदीप नामदेव, पंकज मिश्रा की भी उपस्थित रही।

# धान की फसल पर इल्ली का कहर, खेतों में झड़ रही बालियां

**बनवार।** बनवार क्षेत्र के किसानों की धान की फसल इस समय इल्ली के तेजी से बढ़ते प्रकोप के कारण बर्बादी की कगार पर है। खेतों में खड़ी धान की बालियां झड़ने लगी हैं, जिससे किसानों की मेहनत और लागत दोनों पर संकट मंडरा रहा है। ग्रामीण परस्वाहा, घुटकुवा, मनगुवा और हरदुआ के किसान मोहन नामदेव, मुलाम सिंह, मुकेश सिंह और कपिल नामदेव ने बताया कि इल्ली लगने से फसल कमजोर हो गई है और उत्पादन में भारी कमी की आशंका है। कुछ किसानों ने पहले ही कटाई शुरू कर दी है, जबकि अन्य की फसल



अभी हरी अवस्था में है। किसानों ने प्रशासन से अपील की है कि तुरंत सर्वे कर नुकसान का आकलन किया जाए और प्रभावित किसानों को मुआवजा प्रदान किया जाए। कृषि विभाग के कृषि विस्तार अधिकारी दीपक पटेल ने बताया कि यह आर्मी वर्म लारवा का प्रकोप है। उन्होंने प्रभावित किसानों को रेलोन, अमनान, बेंजर या स्टार क्लेम दवा का छिड़काव करने की सलाह दी है, जिससे कीट को नियंत्रित किया जा सके और फसल को आगे के नुकसान से बचाया जा सके। राजस्व अधिकारी आर.के. खरे ने कहा कि राजस्व और कृषि विभाग के अधिकारी मौके पर जाकर फसल की जांच करेंगे और रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी जाएगी।

**इस्तहार**

एतत द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री पवन पालीवाल पिता श्री बालमुकुंद पालीवाल वार्ड क्रमांक 06 ग्राम पटेरा की निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक/भवन क्र 153/1 का हस्तांतरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक / भवन क्र 153/1 वार्ड क्रमांक 01 श्री भानु बडकुल पिता श्री उदयचंद बडकुल का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन प्लाट के हस्तातरण में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह आपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नहीं की जावेगी दिनाक 15/10/25 को 15 दिवसीय इस्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद पटेरा, जिला दमोह**